कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-22.04.2024

विषयः- **शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गोविन्द कुमार पटेल थाना सारनाथ पुलिस टीम गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0154/2024 धारा 376 भा0द0वि0 थाना सारनाथ से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गोविन्द कुमार पटेल पुत्र श्यामलाल पटेल निवासी रुस्तमपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-22.04.2024 को समय करीब 12.20 बजे अभियुक्त के घर ग्राम रुस्तमपुर थाना चौबेपुर से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि मेरा वादिनी/पीड़िता के साथ पुराना संबंध है, वह मुझसे शादी करना चाहती थी किन्तु अगर मैं उससे शादी करता तो समाज में मेरा सम्मान कम हो जाता। मैंने उसको समझाया कि मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता। मैं अब दूसरी लड़की से शादी करने जा रहा हूँ तो पीड़िता ने मुकदमा लिखवा दिया और आज आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गोविन्द कुमार पटेल पुत्र श्यामलाल पटेल निवासी रुस्तमपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 28 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 नागेन्द्र चौहान थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 विनोद कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।